**मेरा भारत स्वर्णिम भारत अभियान का भव्य शुभारंभ**

- **गुजरात के उपमुख्यमंत्री भ्राता श्री नितिनभाई पटेल जी ने हरी झंडी दिखाकर**

**मेरा भारत स्वर्णिम भारत अभियान की पीस मैसेंजर बस को किया रवाना**

**पीस मैसेंजर बस एक्टीबिशन से एक माह तक अहमदाबाद में देंगे शांति का संदेश**

अहमदाबाद**-** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्‌यालय के यूथ विंग की ओर से मेरा भारत स्वर्णिम भारत अभियान का भव्य शुभारंभ रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, राजपथ क्लब लेन बोडकदेव में आयोजित गरिमामयी समारोह में किया गया। **मुख्य अतिथि गुजरात के उपमुख्यमंत्री भ्राता श्री नितिनभाई पटेल जी ने हरी झंडी दिखाकर पीस मैसेंजर बस को रवाना किया।** इसके पूर्व राजयोगिनी दादी रत्नमोहिनी ने यात्रा के मैनेजर बीके मुकेश भाई को मशाल थमाकर युवाओं में सकारात्मकता, स्वच्छता और आध्यात्मिकता की अलख जगाने का आह्नान किया। पीस मैसेंजर बस तीन साल तक भारत वर्ष के गांव से लेकर कस्बों और शहरों में शांतिदूत बनकर जाएगी और इसके माध्यम से युवा भाई-बहनें शांति, स्वच्छता और जनजागृति का पैगाम देंगे। अभियान के तहत एक माह तक अहमदाबाद शहर में ही पीस मैसेंजर बस एक्टीबिशन शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में जाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री भ्राता श्री नितिनभाई पटेल जी ने कहा कि छोटा सा दीपक उजाला कर सकता है, हमने तो आज मशाल जलाई है। ये अभियान राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इससे लोगों में वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश जाएगा। ब्रह्माकुमारी संस्था ने आज बहुत ही अच्छे कार्य की शुरुआत की है, जो काम राज्य और केंद्र सरकार को करना चाहिए, वह यह संस्था कर रही है। अभियान के माध्यम से निश्चित ही लोगों को लाभ मिलेगा। इससे लोगों को स्वच्छता, आध्यात्मिकता और सकारात्मकता का संदेश मिलेगा। यदि हम मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा, क्योंकि व्यक्ति की मजबूती में ही देश की मजबूती है। हमें भारतीय संस्कृति को बचाकर रखना है। वास्तव में आज सभी

जनप्रतिनिधियों को मेडिटेशन की बहुत जरूरत है। क्योंकि सबसे ज्यादा तनाव तो नेताओं को ही होता है। मेडिटेशन से बहुत लाभ होते हैं।

ब्रह्माकुमारी संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका व यूथ विंग की चेयरपर्सन राजयोगिनी दादी रत्नमोहिनीजी ने कहा कि परमपिता परमात्मा सर्व आत्माओं के प्रति शुभकामना रखते हैं। आत्मिक रूप से हम सभी भी आपस में भाई-भाई हैं। इसलिए हमें भी सभी के प्रति शुभभावना और शुभकामना रखना चाहिए। सदा ऐसा व्यवहार करें जो स्वयं के साथ दूसरों को भी सुख दे। मैं परमात्मा की संतान हूं, स्वयं से पूछें कि मैं अपने पिता की शिक्षाओं के अनुरूप कार्य करता हूं। सदा शांति, प्रेम, स्नेह देते हुए हर कार्य सच्ची दिल से करेंगे तो कदम- कदम में पदमगुणा कमाई जमा होगी। हमारे पुण्य का खाता बढ़ेगा और परमात्मा का आशीर्वाद मिलेगा। हर घड़ी को अंतिम घड़ी मानकर चलें।

गुजरात जोन की डायरेक्टर राजयोगिनी बीके सरला दीदी ने कहा कि युवा जागे तो जग जागे। ये युवा प्रभु पिता का संदेश लेकर जाएंगे। सारे विश्व को जगाना है, फिर से भारत को स्वर्णिम बनाना है। गुजरात योजना आयोग के उपाध्यक्ष भ्राता श्री नरहरिभाई अमीन संस्था ने बहुत ही अच्छा कार्य शुरू किया है। यह अभियान लोगों में जागृति लाएगा। अडानी गुरप के डायरेक्टर भ्राता श्री प्रणव अडानी ने कहा कि अभियान का कॉन्सेप्ट बहुत ही यूनिक है। मेडिटेशन और योगा से ही हमारे अंदर पॉजीटिविटी आती है। इससे निश्चित ही युवाओं में परिवर्तन आएगा।
बॉलीवुड एक्टर श्री उपेन पटेल ने कहा कि जब से मैं इस संस्था से जुड़ा हूं मेरे अंदर कॉफी परिवर्तन आ गए। पहले मुझे बहुत जल्दी गुस्सा आ जाता था और तनाव हो जाता था लेकिन मेडिटेशन के अभ्यास से अब जीवन में शांति की अनुभूति होती है। आज मैं बहुत खुश हूं कि मैं ब्रह्माकुमारीज का स्टूडेंट हूं। यहां के ज्ञान ने मेरा पूरा जीवन ही बदल दिया। अंतरराष्ट्रीय टैक्स एक्सपर्ट श्री मुकेश भाईजी पटेल ने

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का अभियान के प्रति शुभकामना संदेश का वाचन किया। इंडियन ऑइल कॉर्पोरिशन के स्वतंत्र निदेशक भ्राता श्री परेन्दु भगत (काकूभाई) ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

यूथ विंग की नेशनल को-ऑर्डिनेटर राजयोगिनी बीके चंद्रिका बहिन ने अभियान के उद्देश्य और रूपरेखा बताते हुए कहा कि इस अभियान में ऐसे युवा भाई-बहनें शामिल हैं जो निव्र्यसनी और बालब्रह्मचारी जीवन जी रहे हैं, ये हमारी संपदा हैं। ये युवा आज स्वर्णिम भारत को सपना लेकर निकले हैं। एक दिन यह भूमि शांति, एकता और स्वर्णिम भूमि होगी। उन्होंने अभियान की थीम बताते हुए कहा कि संसार की तमाम समस्याओं का हल सकारात्मकता में ही है। यह सबसे बड़ी ताकत है, जिसका संदेश ये भाई-बहनें देशभर में तीन साल में 4500 से अधिक सेवाकेंद्र के माध्यम से युवाओं को देंगे। माउंट आबू से पधारे बीके ललित भाई ने संस्था के महासचिव बीके निर्वैर भाईजी के शुभकामना संदेश का वाचन किया। स्वागत भाषण बीके कृति बहिन ने दिया। स्वागत नृत्य अजय और नीमा स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। संचालन हैदराबाद के बीके रामकृष्ण भाई ने किया।

IBY,
BK Chandrikaben
mahadev.amd@bkivv.org